लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद,हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

चैत्र शुक्ल पक्ष त्रयोदशी, 08:05 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 138, पृष्ठ 16, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, मंगलवार, 4 अप्रैल 2023

www.amritvichar.com

PAGE NO : 05 MIDDLE

एसआरएमएस ने 95 रन से जीता मैच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- श्रीराममूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट में 178 रन का पीछा करने उतरी गंगाशील की टीम 82 पर हुई ढेर

अमृत विचार : श्रीराममूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें दिन सोमवार को एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और गंगाशील क्रिकेट एकेडमी के बीच मैच हुआ। जिसमें एसआरएमएस एकेडमी ने गंगाशील पर 96 रनों से जीत दर्ज की। इसमें एसआरएमएस एकेडमी के हर्ष राणा को मैन आफ द मैच चुना गया। हर्ष ने बल्लेबाजी करते हुए मात्र 53 गेंदों पर दो छक्कों और छह चौकों की मदद से 74 रन बनाए। जबकि दो ओवर में दो विकेट हासिल किए।

एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और गंगाशील क्रिकेट एकेडमी के बीच मैच पहले शनिवार को होना था लेकिन बारिश की वजह से मैच टल गया था। गंगाशील क्रिकेट एकेडमी ने टास जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण चुनने का फैसला किया। एसआरएमएस एकेडमी के ओपनर हर्ष राणा और यूसुफ अंसारी की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी ने 45 रन की साझेदारी की।

एसआरएमएस की टीम ने सात विकेट के नुकसान पर 20 ओवर में 178 बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गंगाशील की टीम ने 19.3 ओवर में 83 रन ही बना पाई। मंगलवार को मैच सुबह 9 बजे से 22 याड्र्स और गंगाशील क्रिकेट एकेडमी व दोपहर 12 मैच आईके कलेक्शन और एयरफोर्स के बीच खेला गया।

मैच में गेंद पर शाट लगाता खिलाड़ी।